आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 240 | उज्जैन, रविवार 20 जुलाई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# प्रदेश में बार्सिलोना की तरह विकसित किये जायेंगे थीम बेस्ड पार्क-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## गौदी की वास्तुकला से पिकासो की चित्रकला तक - मुख्यमंत्री ने देखा पर्यटन, संस्कृति और नवाचार का संगम

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पेन प्रवास के अंतिम दिन 19 जुलाई को बार्सिलोना में कला, संस्कृति और स्थापत्य की विश्वप्रसिद्ध धरोहरों का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बार्सिलोना के तीन प्रमुख स्थलों पार्क गुएल, सागरदा फैमिलिया और पिकासो संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने इन स्थलों में दर्शायी गई रचनात्मकता, स्थापत्य सौंदर्य और सांस्कृतिक संरक्षण के उदाहरणों को मध्यप्रदेश के विकास संदर्भ में गहराई से देखा और समझा।



ऑर्गेनिक आर्किटेक्चर का अद्भूत मेल - पार्क गुएल

भ्रमण की शुरुआत प्रसिद्ध पार्क गुएल से हुई, जिसे प्रकृति और वास्तुकला के विलक्षण समन्वय का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविख्यात वास्तुकार अंटोनियो गौदी द्वारा डिज़ाइन किए गए इस यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल को विशेष रुचि से देखा। उन्होंने प्राकृतिक आकृतियों, रंगीन मोज़ाइक से सजे 'ड्रैगन स्टेयर', 86 स्तंभों वाले 'हाइपोस्टाइल हॉल' और 'सर्पेन्टाइन बेंच' जैसे स्थलों को शहरी सौंदर्यीकरण, हरित विकास और सांस्कृतिक सार्वजनिक स्थलों के विकास की दृष्टि से प्रेरणास्पद बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी इस प्रकार की थीम आधारित कलात्मकता और पारंपरिक कला से सुसज्जित पार्क विकसित किए जा सकते हैं।

आध्यात्म, विज्ञान और प्रकृति का अनोखा संगम - सागरदा फैमिलिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साग्रादा फमिलिया का भ्रमण किया।

# 1 साल में 223% बढ़ गई आय, गैर मान्यता प्राप्त पार्टियों को मिले करोड़ों के चंदे पर ADR के चौंकाने वाले आंकड़े




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में कई बड़ी राजनीतिक पार्टियों को करोड़ों में चंदा मिलता है। मगर, क्या आप जानते हैं कि चंदे की रेस में पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त पार्टियां भी पीछे नहीं हैं। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रोटिक रिफॉर्म्स ने अपनी रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

ADR की रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल 2764 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त पार्टियां हैं, जिनमें से 2025 पार्टियों (73.26 प्रतिशत) ने अपने वित्तीय रिकॉर्ड को सार्वजनिक नहीं किया है। वहीं, केवल 744 (26.74 प्रतिशत) पार्टियों ने ही अपना वित्तीय रिकॉर्ड साझा किया है। वित्त वर्ष 2022-23 में इन पार्टियों की आय में 223 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

किन राज्यों की पार्टियों ने शेयर किए आंकड़े- ADR की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त पार्टियों ने अपना वित्तीय रिकॉर्ड सार्वजनिक किया है। इस कड़ी में दूसरे नंबर पर दिल्ली और तीसरे नंबर पर बिहार का नाम शामिल है। वहीं, जिन राज्यों में सबसे अधिक संख्या में दलों की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है, उनमें उत्तर प्रधेश, तमिलनाडु और दिल्ली का नाम टॉप 3 में शामिल है।

# गूगल और Meta को ईडी का नोटिस, ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप केस में पूछताछ के लिए बुलाया




नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दुनिया की दो सबसे बड़ी दिग्गज कंपनियों गूगल और मेटा को नोटिस भेजा है। सट्टेबाजी ऐप के मामले में जांच कर रही ईडी ने दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों को 21 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया है। इस दौरान ईडी दोनों से पूछताछ करेगी।

दरअसल ईडी ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के मामलों की जांच कर रही है। इससे जुड़े कई वित्तीय अपराध उजागर हो रहे हैं। इन ऐप को गूगल और मेटा जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रमोट किया जाता है, जिसके सिलसिले में ईडी ने अब दोनों कंपनियों को समन भेज दिया है।

क्या है पूरा मामला- सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी को पता चला है कि कई ऑनलाइन बेटिंग ऐप हवाला और मनी लॉन्ड्रिंग में भी शामिल हैं। ईडी की पूछताछ में सामने आया कि गूगल और मेटा जैसे प्लेटफॉर्म पर इन ऐप्स को धड़ल्ले से प्रमोट किया जा रहा है। गूगल और मेटा विज्ञापन के लिए इन ऐप्स को कई स्लॉट्स देते हैं, जिससे न सिर्फ बेटिंग ऐप की लोकप्रियता बढ़ती है बल्कि इनके अवैध कार्यों को भी बल मिलता है।

# हिंदू संस्थान में दूसरा धर्म मानने वालों पर गिरी गाज, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने 4 कर्मचारियों को निकाला



नई दिल्ली (एजेंसी)। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम यानी टीटीडी ने अपने 4 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन चारों पर गैर-हिंदू धर्म का पालन करने के आरोप हैं। टीटीडी के पास तिरुमाला स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर के प्रशासन की जिम्मेदारी है।

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि क्वालिटी कंट्रोल के डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बी. एलिजर, बीआईआरआरडी अस्पताल की स्टाफ नर्स एस. रोजी, बीआईआरआरडी अस्पताल की ग्रेड-द्ध फार्मासिस्ट एम. प्रेमवती और एसवी आयुर्वेदिक फार्मेसी डॉ. जी. असुंता को निलंबित किया गया है।

टीटीडी में है सख्त आचार संहिता- इसके पहले 11 जुलाई को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने दावा किया था कि 1,000 से अधिक गैर-हिंदू अभी भी टीटीडी में काम कर रहे हैं। उन्होंने टीटीडी से तिरुमाला में गैर-हिंदुओं को रोजगार से हटाने का आग्रह किया था। इसके कुछ समय बाद ही हुई विभागीय कार्रवाई कई तरह के सवाल खड़े करती है।

टीटीडी अपने कर्मचारियों, विशेष रूप से धार्मिक या संबद्ध संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए एक सख्त आचार संहिता का पालन करता है। इसके मुताबिक, टीटीडी में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आचरण और व्यवहार दोनों में हिंदू धर्म के सिद्धांतों का पालन करना होता है।

# पाकिस्तान के हाइब्रिड युद्ध का हिस्सा है TRF




नई दिल्ली (एजेंसी)। लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) ने पाकिस्तानी सेना के सहयोग से द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की स्थापना 2019 में की थी। इसके कुछ समय पहले ही भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने का फैसला किया था। हालांकि भारत ने पांच जनवरी, 2023 को टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित कर दिया था।

भारतीय खुफिया एजेंसियों का कहना है कि टीआरएफ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ समर्थित व्यापक दुष्प्रचार और हाइब्रिड युद्ध का एक हिस्सा है।

पूर्व एसएसजी कमांडो को क्यों दी जा रही थी ट्रेनिंग- सूत्रों ने बताया कि आतंकी हमले करने के लिए इसमें पाकिस्तानी सेना के पूर्व एसएसजी (स्पेशल सर्विस ग्रुप) कमांडो को भर्ती किया जाता है। टीआरएफ कश्मीर में अल्पसंख्यकों, सुरक्षा बलों, पर्यटकों और गैर-कश्मीरी नागरिकों को निशाना बनाता है।

इसके संस्थापक मुहम्मद अब्बास शेख और ऑपरेशनल चीफ बासित अहमद डार सहित इसके प्रमुख नेतृत्व की मौत हो चुकी है। लेकिन इसका सुप्रीम कमांडर शेख सज्जाद गुल कथित तौर पर सक्रिय हैं। ऐसी भी खबरें हैं कि टीआरएफ का मुख्यालय मुरीदके से पाकिस्तान के बहावलपुर में स्थानांतरित हो सकता है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि टीआरएफ लश्कर-ए-तैयबा की लॉजिस्टिकल, फाइनेंशियल एवं आपरेशनल कमान के तहत काम करता है।

# केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने वाले IRS अधिकारी ने दिया इस्तीफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। दो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी करने वाले आइआरएस अधिकारी कपिल राज ने लगभग 16 साल की सेवा के बाद इस्तीफा दे दिया। वित्त मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आदेश में कहा गया, भारत के राष्ट्रपति 17 जुलाई से भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) से उनका इस्तीफा स्वीकार करते हैं।

45 वर्षीय अधिकारी 2009 बैच के आइआरएस अधिकारी थे। ईडी में सेवा के दौरान वह हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी में शामिल थे।

# मानसून सत्र के लिए रणनीति तैयार कर रही सरकार, राजनाथ सिंह के घर मंत्रिसमूह की बैठक; इन मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निवास पर गुरुवार को संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले एक रणनीति बैठक आयोजित की गई। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा और किरेन रिजीजू समेत प्रमुख केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।



मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है जिसमें विपक्ष के बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन संशोधन और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हंगामा करने की प्रबल आशंका है।

ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार के रुख को लेकर रणनीति बनाई- रविवार को होने वाली पारंपरिक सभी दलों की बैठक के मद्देनजर, मंत्रियों के समूह ने विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों, जैसे बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन संशोधन (एसआइआर), पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार के रुख को लेकर रणनीति बनाई है। बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई, लेकिन सूत्रों ने बताया कि यह संसद सत्र से संबंधित था।

राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा बैठक में रहे मौजूद- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा, गृह मंत्री शाह, स्वास्थ्य मंत्री नड्डा और संसदीय मामलों के मंत्री रिजीजू भी इस रणनीतिक सत्र का हिस्सा थे। उनके मंत्री सहयोगी पीयूष गोयल और जी. किशन रेड्डी भी इस बैठक में शामिल हुए।

बिहार में मतदाता सूची को लेकर मचेगा हंगामा- विपक्ष बिहार में मतदाता सूची (एसआइआर) का विशेष गहन संशोधन और आपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर संसद में बहस की मांग कर रहा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसी प्रमुख विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया है कि एसआइआर का उद्देश्य भाजपा को लाभ पहुंचाना है, जिसे अन्य राज्यों में लागू किए जाने की संभावना है।

उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर में मध्यस्थता के दावे का भी उपयोग मोदी सरकार पर हमला करने के लिए किया है।

ट्रंप का मुद्दा भी संसद में उठ सकता है- भारत सरकार ने ट्रंप के दावे को खारिज कर दिया, लेकिन विपक्ष बहस की मांग कर रहा है और इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को एक बड़ी सफलता बताया है, जिसने पाकिस्तान में आतंकी स्थलों और सैन्य सुविधाओं को भारी नुकसान पहुंचाया है।

# मोजे और जॉगर्स की खरीद में बहा दिए अरबों रुपये, बिना डिलीवरी ही हो गया पेमेंट



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां पर एक ऐसा घोटाला हुआ है, जिसको जानने के बाद आप हैरान हो सकते हैं। पड़ोसी मुल्क में जॉगर्स, गर्म ट्राउजर्स पर अरबों अरब रुपये बहाए गए हैं। बताया जा रहा है कि बिना प्रोडक्ट की डिलीवरी के ही अरबों रुपये के पेमेंट कर दिए गए।

ध्यान देने योग्य बात है कि ये घोटाला पाकिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के तहत आने वाले सिविल कानून प्रवर्तन एजेंसियों में हुआ है। इतना ही नहीं, ऐसा ही घोटाला तटीय रक्षा के लिए नौका खरीद के दौरान भी ऐसा ही खेल सामने आया है। ये खुलासा ऑडिट रिपोर्ट में हुआ है। जानकारी के सामने आने के बाद पूरे देश में खलबली मच गई है।

ऑडिट रिपोर्ट में हुआ खुलासा- दरअसल, द न्यूज इंटरनेशनल के अनुसार, हाल में ही एक ऑडिड रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें अनियमित व्यय, कुछ आपूर्तिकर्ताओं के प्रति पक्षपात, तथा ऐसी एजेंसियों में वित्तीय नियमों के गंभीर उल्लंघन का आवर्ती पैटर्न सामने आया है।

बता दें कि हाल के दिनों में पाकिस्तान के विभिन्न विभागों में हुई सामानों की खरीदारी को लेकर ऑडिट किया गया। इसमें पाया गया कि खरीदारी के दौरान तमाम नियमों को ताक पर रखा गया है। जिन विभागों में ऑडिट की गई, उमें पाकिस्तान रेंजर्स, फ्रंटियर्स कोर, पाकिस्तानी तटरक्षक बल आदि शामिल हैं। इस रिपोर्ट में पता चलता है कि सामानों की खरीदारी के दौरान सरकारी पैसों का दुरुपयोग किया गया हो।

ऑडिट रिपोर्ट के बाद उठे कई सवाल

सबसे हैरान करने वाली बात है कि पाकिस्तान तटरक्षक बल ने एक निजी कंपनी को उन नावों के लिए 560 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का अग्रिम भुगतान किया, जो 23 जुलाई, 2024 को समाप्त होने वाली चार महीने की समय सीमा के भीतर वितरित नहीं की गईं। यह अग्रिम भुगतान अनधिकृत था और निविदा शर्तों का उल्लंघन करता था। वहीं, द न्यूज़ इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट की मानें तो जनवरी 2025 तक, नावें वितरित नहीं की गई, जिसके कारण जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए।

इस ऑडिट रिपोर्ट में पाया गया कि गलत तरीके से खरीदारी की गई है। उदाहरण के तौर पर बताया गया कि पंजाब रेंजर्स ने ऊनी मोजों और आधी बांह के वेस्ट के लिए करीब 43 मिलियन पाकिस्तानी रुपयों का कांट्रैक्ट दिया। जिन कंपनियों को यह ठेका दिया गया वह मानकों को पूरा नहीं कर रही थीं। बावजूद इसके ये टेंडर दिए गए। इस ऑडिट रिपोर्ट के सामने आने के बाद गलत तरीके से फेवर करने और जिम्मेदारी तय करने की जांच की मांग की गई है।

# कोल्डप्ले कॉन्सर्ट: दुनियाभर में हो रही एस्ट्रोनॉमर के CEO और HR हेड के रोमांस की चर्चा, अब कंपनी ने शुरू की जांच

नई दिल्ली (एजेंसी)। मशहूर म्यूजिक बैंड कोल्डप्ले के कॉन्सर्ट में कुछ ऐसा हुआ, जिसकी चर्चा अब ओर हो रही है। इस कॉन्सर्ट के दौरान एक कपल बाहों में बाहें डाले नजर आता है। वैसे तो ये आम बात है लेकिन खास तब बन जाती है, जब पता चलता है कि ये एक बड़ी कंपनी के सीईओ और एचआर हेड हैं।

दरअसल, इसकी शुरुआत उस वक्त होती है, जब कोल्डप्ले बैंक के सिंगर क्रिस मार्टिन ने कैमरों की ओर इशारा किया और



क्राउड से अपना गाना जंबोट्रॉन गाने के लिए कहा। क्राउड ने इस गाने की कुछ लाइनें गाई और कैमरों का पूरा फोकस भीड़ पर ही था। इस दौरान एक कपल हाईलाइट हो गया। ये कपल गले लग रहा और मुस्कुरा रहा था। ये लोग बाहों में बाहें डाले उस पल को जी रहे थे कि अचानक से उनकी नजर स्क्रीन पर पड़ी।

और खुला का खुला रह गया मुंह- जब इस कपल ने खुद को बड़ी सी स्क्रीन पर देखा तो उनका मुंह खुला का खुला रह गया। उनके हाथ चेहरे पर आ गए और वो मुंह छिपाते फिरे। इस पर मार्टिन ने मजाकिया अंदाज में कहा, या तो उनका अफेयर चल रहा है या फिर वे बहुत शर्मीले हैं। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हुई। ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद इंटरनेट पर सनसनी फैल गई।

सोशल मीडिया पर हो रही जबरदस्त चर्चा- ये कोई मामूली कपल नहीं था, बल्कि टेक कंपनी एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और इसी कंपनी की एचआर हेड क्रिस्टिन कैबोट थीं। मामले ने तूल इसलिए भी पकड़ लिया क्योंकि एंडी शादीशुदा हैं।

## अब 24 अगस्त तक पाक एअरस्पेस में नहीं जा सकेंगे भारतीय विमान




नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना एअरस्पेस बंद कर दिया था। हाल ही में पाकिस्तान ने इस बैन को 24 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है।

पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसकी जानकारी दी है। NOTAM के अनुसार, भारतीय एअरलाइंस के किसी भी नागरिक या सैन्य विमान को पाकिस्तान एअरस्पेस में एंट्री में नहीं मिलेगी। यह आदेश बीती शाम 3:50 बजे से लागू किया गया है।

कब तक लागू रहेगा आदेश- PAA ने नोटिस में जानकारी देते हुए कहा कि यह बैन भारतीय समयानुसार 24 अगस्त 2025 को सुबह 5:19 बजे तक लागू रहेगा। बता दें कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति बन गई थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दोनों देशों ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपने एअरस्पेस बंद कर दिए थे।

पहले भारत ने किा था बैन- भारत सरकार ने 30 अप्रैल को पाकिस्तानी विमानों के लिए अपने एअरस्पेस बंद करने की घोषणा की थी, जिसके बाद पाकिस्तान ने भी भारतीय विमानों के लिए अपने एअरस्पेस बंद कर दिए थे। भारत ने 24 जुलाई तक के लिए पाक एअरलाइंस के विमानों पर यह बैन लगाया था, जो अभी तक जारी है।

# लॉस एंजिलिस में बेकाबू कार भीड़ में घुसी, 20 से ज्यादा लोग घायल




नई दिल्ली (एजेंसी)। लॉस एंजिलिस से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां पर ईस्ट हॉलीवुड की सड़कों पर एक कार का कहर देखने को मिला है।

दरअसल, शनिवार तड़के लॉस एंजिल्स के ईस्ट हॉलीवुड में एक वाहन ने भीड़ में वाहन घुसा दिया। इस हादसे में कम से कम 20 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। इस बात की जानकारी लॉस एंजिलिस के अग्निशामन विभाग ने दी है।

चार लोगों की हालत गंभीर- बता दें कि इस घटना के बाद पुलिस की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि इस घटना के कुछ देर बाद एक अलर्ट जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि सांता मोनिका बुलेवार्ड पर हुई इस घटना में कम से कम चार लोगों की हालत गंभीर है और कम से कम आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

# तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें डिग्री दूंगी, इस यूनिवर्सिटी की फुटबॉल कोच क्यों बनी वैम्पायर?



नई दिल्ली (एजेंसी)। ताइवान में एक ब्लड डोनेशन घोटाला सामने आया है, जहां एक यूनिवर्सिटी की महिला फुटबॉल कोच पर छात्राओं ने डिग्री के बदले उन्हें ब्लड डोनेशन करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर इस इस कोच वैम्पायर बोला जा रहा है और लोग जमकर आलोचना कर रहे हैं।

साथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस कांड के बाद विवाद खड़ा हो गया है। यह घटना तब सामने आई, जब जियान नाम की एक छात्रा ने सर्वजनिक रूप से कोच पर आरोप लगाए। नेशनल ताइवान नॉर्मल यूनिवर्सिटी (एनटीएनयू) में पढ़ने वाले जियान ने कहा कि छात्रों को उनकी कोच झोउ ताई-यिंग ने बल्ड डोनेशन के लिए मजबूर किया था।

छात्रा ने क्या लगाए आरोप- जियान ने आरोप लगाया, कभी-कभी तो वो ब्लड डोनेशन के लिए लगातार 14 दिनों तक बैठी रहती थी। कभी-कभी तो दिन में तीन बार, सुबह 5 बजे लेकर रात 9 बजे तक। एस समय तो ऐसा आया जब सुई डालने के लिए नस तक नहीं मिल रही थी। झोउ ताई-यिंग ने छात्राओं को असीमित संख्या में ब्लड डोनेशन कैंप में हिस्सा लेने के लिए मजबूर किया।÷ झोउ ताई-यिंग ताइवान फुटबॉल प्रोग्राम की एक प्रमुख हस्ती हैं।

यूनिवर्सिटी ने कोच को किया निलंबित- छात्रा का दावा है कि ब्लड अनट्रेंड लोग ले रहे थे और दावा कर रहे थे कि इसका इस्तेमाल कैंपस में रिचर्स एक्सपेरिमेंट के लिए किया जाएगा।

# अफ्रीकी देश में दो भारतीयों की हत्या, आतंकियों ने एक का किया अपहरण

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण-पश्चिम नाइजर में एक आतंकवादी हमले में दो भारतीयों की मौत हो गई, जबकि एक का अहरण कर लिया गया। इस बात की जानकारी दूतावास ने शुक्रवार (18 जुलाई, 2025) को दी।

दूतावास की ओर से किए गए सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया, नाइजर के डोसो इलाके में 15 जुलाई को हुए जघन्य आतंकवादी हमले में भारतीय नागरिकों की मौत हो गई और एक का अपहरण कर लिया गया।



मारे गए लोगों के शवों को भारत भेजा जाएगा- स्थानीय मीडिया के मुताबिक, अज्ञात बंदूकधारियों ने राजधानी नियामी से लगभग 130 किलोमीटर दूर डोसो में एक निर्माण स्थल की सुरक्षा कर रही सेना की एक इकाई पर हमला किया। भारतीय दूतावास ने कहा, वह मारे गए लोगों के पार्थिव शरीर को वापस लाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

अफ्रीकी देश में रह रहे भारतीयों को सतर्क रहने की सलाह- दूतावास अपहृत भारतीयों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने के लिए भी काम कर रहा है। दूतावास ने पश्चिमी अफ्रीकी देश में भारतीयों को भी सतर्क रहने की सलाह दी है।

# बोइंग स्टारलाइनर को 2026 तक किया गया ग्राउंडेड, नासा ने क्यों लिया ये फैसला?

नई दिल्ली (एजेंसी)। नासा ने क्रू कैप्सूल बोइंग एस्क्र-100 स्टारलाइनर को 2026 तक के लिए ग्राउंड (सेवा से बाहर) करने का फैसला किया है। जून 2024 में तकनीकि खराबी आने के बाद से ही बोइंग स्टारलाइनर काफी चर्चा में था। नासा के अनुसार, इसे ठीक करने में 2026 तक का समय लगेगा। तब तक के लिए बोइंग स्टारलाइनर के सभी मिशन को रद कर दिया गया है।



पिछले साल सुनीत विलियम्स समेत कई अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में लेकर गया बोइंग स्टारलाइनर अचानक से खराब हो गया था। इसके कारण क्रू मेंबर्स को कई महीनों तक स्पेस में रहना पड़ा था, जिसके बाद नासा ने बोइंग स्टारलाइनर को क्रू मेंबर्स के बिना ही धरती पर वापस बुलाया था।

बोइंग स्टारलाइन में क्या थी खराबी- नासा के अनुसार, जून 2024 में क्रू फ्लाइट टेस्ट के दौरान बोइंग स्टारलाइनर में गंभीर समस्याएं देखने को मिलीं थीं। इसमें कई जगहों पर हीलियम गैस लीक होने लगी थी। अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में पहुंचने के बाद कैप्सूल के 28 में से 5 कंट्रोल थ्रस्ट फेल हो गए थे।

नासा ने लिया फैसला- आखिरकार नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा के लिए उन्हें ड्रस्ट में ही छोड़ने का फैसला किया और बोइंग स्टारलाइनर को खाली धरती पर वापस बुला लिया। इसके बाद स्पेसएक्स का ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट सुनीता विलियम्स समेत सभी अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लेकर आया।

# अजमेर दरगाह के पास बाढ़ में बहने लगा शख्स तो लोगों के बचाई जान



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के अजमेर में मानसून पिछले कई दिनों से कहर बरसा रहा है। लगातार तेज बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं और झीलों में भयंकर बाढ़ आ गई है। इसी कड़ी में ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, जिसमें प्रलय का मंजर साफ देखा जा सकता है।

पानी में बहसे शख्स को किया रेस्क्यू- गलियों में बरसात का पानी सैलाब बनकर बह रहा है, जिसमें कई गाड़ियां और दुकानें भी बह गई हैं। हैरानी तो तब हुई जब एक श्रद्धालु का पैर अचानक फिसल गया और वो भी पानी में जा गिरा। पानी के तेज बहाव में बहते हुए शख्स को स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू किया।

अना सागर झील से आई बाढ़- अजमेर में पिछले कई घंटों से मूसलाधार बारिश हो रही है। ऐसे में अजमेर की मशहूर अनासागर झील में बाढ़ के हालात बन गए हैं। बाढ़ के पानी ने आधे शहर को अपनी चपेट में ले लिया है। झील का पानी अजमेर की गलियों में सैलाब बनकर बह रहा है, जिसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आए हैं।

पानी में फंसी बच्चों से भरी स्कूल वैन- मौसम विभाग ने राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। कुंभलगढ़ इलाके में बच्चों से भरी एक स्कूल वैन भी पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गई थी। स्थानीय लोगों ने किसी तरह सभी बच्चों की जान बचा ली।

बता दें कि राजस्थान के अजमेर में बारिश से हाहाकार मच गया है। बाढ़ का पानी जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में भी घुस गया, जिससे मरीजों की जान भी खतरे में आ गई थी।

## बीकानेर में रिटायर्ड आर्मी अफसर और पत्नी की किराएदारों ने की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार




नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के बीकानेर में सेना से रिटायर्ड अधिकारी और उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई। दोनों के शव उनके बंद घर से बरामद हुए। मामले में पुलिस ने शुक्रवार (18 जुलाई, 2025) को तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, इनमें एक दंपति भी शामिल है जो कभी उस घर में किराएदार थे।

पुलिस ने बताया कि हत्या 6 लोगों ने मिलकर की, जिनमें एक दंपति, महिला के पिता, भाई और दो अन्य लोग शामिल हैं। दो लोगों को महिला के पिता ने 13 जुलाई को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से हायर किया था। आरोपियों ने सेना से रिटायर्ड अफसर और उनकी पत्नी ने गला घोंटकर हत्या की और गहने व नकदी लेकर फरार हो गए।

पुलिस ने और क्या बताया- बीकानेर के आईजी ओम प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान 28 साल के अरुण कुमार, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के रहने वाले 24 साल के रोहित बंसल और 23 साल की प्रिया सिसोदिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि प्रिया अरुण के साथ मृतकों के घर में किराए पर रहती थी और दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहते थे। उसके पिता कर्मवीर सिसोदिया और भाई प्रियांशु अक्सर मिलने आया करते थे और घर पर रुकते भी थे।

## कच्छ में महिला ASI की प्रेमी ने की गला घोंटकर हत्या, आरोपी CRPF जवान ने किया सरेंडर



नई दिल्ली (एजेंसी)। अंजार पुलिस स्टेशन में तैनात महिला सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) अरुणाबेन नटूभाई जादव की हत्या ने पुलिस बल में हड़कंप मचा दिया है। इस हत्याकांड में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि अरुणाबेन की हत्या उसके ही प्रेमी दिलीप डांगचिया ने गला घोंटकर की थी।

मिली जानकारी के मुताबिक, अरुणाबेन जादव और दिलीप डांगचिया के बीच प्रेम संबंध था। बीती रात किसी बात पर दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद दिलीप ने गुस्से में आकर अरुणाबेन की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी दिलीप डांगचिया मणिपुर में सीआरपीएफ में कार्यरत है। हत्या करने के बाद आरोपी खुद अंजार पुलिस स्टेशन में पेश हुआ और अपना गुनाह कबूल किया।

पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव- घटना की सूचना मिलते ही अंजार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला पुलिसकर्मी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि आरोपी दिलीप को आगे की पूछताछ और जांच के लिए हिरासत में लिया गया है। प्रेम प्रसंग में हुई इस हत्या के पीछे की असली वजह जानने के लिए पुलिस ने गहन जांच शुरू कर दी है।

## माफी मांगो..., एअर इंडिया प्लेन क्रैश की खबरों पर WSJ को पायलटों ने भेजा नोटिस



नई दिल्ली (एजेंसी)। एअर इंडिया प्लेन क्रैश की खबरों को लेकर भारतीय पायलट महासंघ (एफआईपी) ने शुक्रवार (18 जुलाई, 2025) को द वॉल स्ट्रीट जर्नल और रॉयटर्स को लीगल नोटिस भेजा है। एफआईपी ने आधिकारिक तौर पर माफी मांगने की मांग की है।

इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए एफआईपी के अध्यक्ष सीएस रंधावा ने कहा कि भारतीय पायलट महासंघ ने कानून के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है और डब्ल्यूएसजे और रॉयटर्स को उनकी रिपोर्ट के लिए नोटिस भेजकर माफी मांगने को कहा है।

ईमेल करके भेजा नोटिस- रॉयटर्स और द वॉल स्ट्रीट जर्नल को भेजे गए एक ईमेल में, एफआईपी ने कहा, हमारे ध्यान में आया है कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के कुछ वर्ग बार-बार चुनिंदा और असत्यापित रिपोर्टिंग के माध्यम से निष्कर्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इस तरह की कार्रवाई गैर-जिम्मेदाराना है, खासकर जब जांच जारी है।

नोटिस में आगे कहा गया, हालांकि इस स्तर की दुर्घटना ने जनता का ध्यान आकर्षित किया है और लोगों को झटका लगा है, लेकिन यह समझना होगा कि यह समय भारतीय विमानन उद्योग की सुरक्षा के प्रति जनता में चिंता या आक्रोश पैदा करने का नहीं है, विशेष रूप से निराधार तथ्यों के आधार पर।

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की ओर से जारी जांच का हवाला देते हुए ईमेल में कहा गया है, आधिकारिक पुष्टि और आखिरी रिपोर्ट के अभाव में, दुर्घटना के कारण के बारे में अटकलें लगाने वाली या किसी व्यक्ति, विशेष रूप से मृत पायलटों को दोषी ठहराने वाली किसी भी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करने से बचें।

## एक अक्टूबर से लागू होगा भारत-EFTA व्यापार समझौता, निवेश और रोजगार के बढ़ेंगे अवसर



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और यूरोप के चार देशों के समूह यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी।

दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे।इस समझौते के तहत ईएफटीए में शामिल देश अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। साथ ही कई उत्पादों जैसे- स्विस घड़ियां, चॉकलेट, और कट व पॉलिश किए गए हीरे भारत में कम या शून्य शुल्क पर आयात हो सकेंगे।

ईएफटीए में आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नार्वे, और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। ईएफटीए देशों का निवेश भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियों के सृजन में सहायक होगा। समझौते के तहत अगले 10 वर्षों में 50 अरब डॉलर और उससे अगले पांच वर्षों में 50 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा।

भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड- इस समूह में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड है। शेष तीन देशों के साथ कम मात्रा में व्यापार होता है। समझौते में भारत अपने 82.7 प्रतिशत टैरिफ लाइनों या उत्पाद श्रेणियों की पेशकश कर रहा है, जो ईएफटीए के 95.3 प्रतिशत निर्यात को कवर करती हैं।

इसके अलावा यह समझौता घरेलू निर्यातकों को यूरोपीय संघ (ईयू) के बाजारों में एकीकृत होने का अवसर प्रदान करेगा। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान भारत-ईएफटीए के बीच 24.4 अरब डॉलर का कारोबार हुआ था।

## मुंबई में टैक्सी और बाइक पर लगी ब्रेक; ओला-उबर और रैपिडो के ड्राइवर ने क्यों की अनिश्चितकालीन हड़ताल?



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई में टैक्सी और बाइक पर ब्रेक लग गई है। ओला, उबर और रैपिडो से जुड़े हजारों ड्राइवरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इन ड्राइवरों ने 15 जुलाई को अपनी सर्विस बंद की थी। इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य उचित वेतन और बेहतर सुविधाओं की गारंटी सुनिश्चित करना है।

हवाई अड्डा क्षेत्र, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, अंधेरी और दक्षिण मुंबई सहित प्रमुख क्षेत्रों में ड्राइवरों यह आंदोलन चल रहा है। उनका आरोप है कि एग्रीगेटर कमीशन और ईंधन खर्च को जोड़ने के बाद, उनकी वास्तविक आय कभी-कभी केवल 8 से 12 रुपये प्रति किलोमीटर रह जाती है। ड्राइवरों का कहना है कि ये कमाई टिकाऊ नहीं है, खासकर बढ़ते ईंधन और रखरखाव खर्च के साथ।

क्या है ड्राइवरों की मांग- प्रदर्शनकारी ड्राइवरों की मांग है कि ऐप-आधारित कैब का किराया काली-पीली टैक्सियों के बराबर किया जाए। इसके साथ ही बाइक टैक्सियों पर प्रतिबंध और एक मजबूत कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। सरकार की तरफ से स्पष्ट नीति न बनाए जाने को लेकर भी ड्राइवरों में गुस्सा है। उनका कहना है कि तेल की कीमतें बढ़ने की वजह से उनकी बिल्कुल भी बचत नहीं हो पा रही है। ड्राइवरों ने प्लेटफॉर्म की ओर से दी जाने वाली छूटों पर भी चिंता जताई है, उनका कहना है कि इन छूटों का खर्च अक्सर उनकी कमाई से काट लिया जाता है। वे चाहते हैं कि प्लेटफॉर्म छूट का बोझ ड्राइवरों पर डालने के बजाय उसे वहन करें।

गाइडलाइन का ऐलान तो हुआ लेकिन जारी नहीं हुई- एग्रीगेटर सेवाओं पर एक समर्पित नीति की योजना की घोषणा को एक साल से भी ज्यादा समय हो गया है। महाराष्ट्र सरकार ने अभी तक इसे लागू नहीं किया है। किराया संरचना, लाइसेंसिंग मानदंड और प्रवर्तन उपायों की रूपरेखा वाला एक मसौदा तैयार है, लेकिन अभी भी अंतिम मंजूरी का इंतजार है। साफ नियमों के अभाव में ड्राइवरों, ऐप-आधारित प्लेटफॉर्म और यात्रियों के बीच विवाद आम हो गया है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण एकादशी

## संपादकीय


# भारतीय जनता पार्टी के बारे में कहा जाता है कि वह किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती है...



भारतीय जनता पार्टी के बारे में कहा जाता है कि वह किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती है और छोटे बड़े हर एक चुनाव को पूरी ताकत से लड़ती है। इसी तारतम्य में बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनावों के पूर्व पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। प्रधानमंत्री के बिहार चुनाव प्रचार का पांचवा दौरा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गढ़ माने-जाने वाले पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी शहर में हुआ ,जहां प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी मौसम में सौगातों की बरसात कर दी है।

प्रधानमंत्री ने अपने बिहार दौरे पर मोतिहारी में 7196 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। जिनमें 5988 करोड़ की रेलवे और 1173 करोड़ की सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं में रेल, सड़क, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाएं है। सम्?पर्क और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री ने अनेक रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। इसमें समस्तीपुर-बछवाड़ा रेल लाइन के बीच स्वचालित सिग्नलिंग शामिल है, जिससे इस खंड पर कुशल रेल संचालन संभव होगा। दरभंगा-थलवाड़ा और समस्तीपुर-रामभद्रपुर रेल लाइनों का दोहरीकरण, 580 करोड़ रुपये से अधिक की दरभंगा-समस्तीपुर दोहरीकरण परियोजना का हिस्सा है और इससे रेल संचालन की क्षमता बढ़ेगी और देरी में कमी आएगी। प्रधानमंत्री ने यहां अनेक रेल परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। रेल परियोजनाओं में पाटलिपुत्र में वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव हेतु बुनियादी ढाँचे का विकास शामिल है। भटनी-छपरा ग्रामीण रेल लाइन (114 किमी) पर स्वचालित सिग्नलिंग से सुव्यवस्थित रेल संचालन संभव होगा। कर्षण प्रणाली के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत बनाकर और ऊर्जा दक्षता में सुधार करके भटनी-छपरा ग्रामीण खंड में ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए कर्षण प्रणाली का आधुनिकीकरण किया जाएगा। लगभग 4,080 करोड़ रुपये की लागत वाली दरभंगा-नरकटियागंज रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना से रेल लाइन की क्षमता बढ़ेगी, अधिक यात्री और मालगाड़ियों का संचालन संभव होगा और उत्तर बिहार और देश के बाकी हिस्सों के बीच संपर्क मज़बूत होगा। क्षेत्र में सड़क के द्वारा बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने एनएच-319 पर 4-लेन के आरा बाईपास की आधारशिला भी रखी,जो आरा-मोहनिया एनएच-319 और पटना-बक्सर एनएच-922 को जोड़ेगा, जिससे निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और यात्रा का समय बचेगा। प्रधानमंत्री ने 820 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले एनएच-319 के परारिया से मोहनिया तक 4-लेन वाले खंड का भी उद्घाटन किया । यह एनएच-319 का वह हिस्सा है जो आरा शहर को एनएच-02 (स्वर्णिम चतुर्भुज) से जोड़ता है। इससे माल और यात्री यातायात में सुधार होगा। इसके अलावा, एनएच-333सी पर सरवन से चकाई तक पक्की सड़क के साथ 2-लेन का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे माल और लोगों की आवाजाही सुगम होगी और बिहार और झारखंड के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेगा। प्रधानमंत्री ने दरभंगा में नए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) और पटना में एसटीपीआई की अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सुविधा का उद्घाटन किया , जिसका उद्देश्य आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम उद्योग और स्टार्टअप को बढ़ावा देना है।

# बटुकेश्वर दत्त



बटुकेश्वर दत्त भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक थे। देश ने सबसे पहले 8 अप्रैल, 1929 को उन्हें उस समय जाना, जब वे भगतसिंह के साथ केंद्रीय विधान सभा में बम विस्फोट के बाद गिरफ्तार किए गए। उन्होंने आगरा में स्वतंत्रता आंदोलन को संगठित करने में उल्लेखनीय कार्य किया था। सन 1924 में कानपुर में बटुकेश्वर दत्त की भगतसिंह से भेंट हुई थी। इसके बाद उन्होंने हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के लिए कानपुर में कार्य करना प्रारंभ किया और इसी क्रम में बम बनाना भी सीखा।

परिचय- बटुकेश्वर दत्त का जन्म 18 नवम्बर, 1910 को बंगाली कायस्थ परिवार में ग्राम-औरी, ज़िला-नानी बेदवान (बंगाल) में हुआ था। उनका बचपन अपने जन्म स्थान के अतिरिक्त बंगाल प्रांत के वर्धमान ज़िला अंतर्गत खण्डा और मौसु में बीता। बटुकेश्वर दत्त का पैत्रिक गाँव बंगाल के बर्दवान ज़िले में था, पर पिता गोष्ठ बिहारी दत्त कानपुर में नौकरी करते थे।

बटुकेश्वर की स्नातक स्तरीय शिक्षा पी.पी.एन. कॉलेज, कानपुर में सम्पन्न हुई। उन्होंने 1924 में मैट्रिक की परीक्षा पास की और तभी माता व पिता दोनों का देहान्त हो गया। इसी समय वे सरदार भगतसिंह और चन्द्रशेखर आज़ाद के सम्पर्क में आए और क्रान्तिकारी संगठन 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसियेशन' के सदस्य बन गए। सुखदेव और राजगुरु के साथ भी उन्होंने विभिन्न स्थानों पर काम किया। इसी क्रम में बम बनाना भी सीखा। आज़ादी के बाद नवम्बर, 1947 में अंजली दत्त से शादी करने के बाद बटुकेश्वर दत्त पटना में रहने लगे थे। उनको अपना सदस्य बनाने का गौरव बिहार विधान परिषद ने 1963 में प्राप्त किया था।

प्रतिशोध की भावना- विदेशी सरकार जनता पर जो अत्याचार कर रही थी, उसका बदला लेने और उसे चुनौती देने के लिए क्रान्तिकारियों ने अनेक काम किए। काकोरी ट्रेन की लूट और लाहौर के पुलिस अधिकारी सांडर्स की हत्या इसी क्रम में हुई। तभी सरकार ने केन्द्रीय असेम्बली में श्रमिकों की हड़ताल को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से एक बिल पेश किया। क्रान्तिकारियों ने निश्चय किया कि वे इसके विरोध में ऐसा क़दम उठायेंगे, जिससे सबका ध्यान इस ओर जायेगा।

असेम्बली बम धमाका- 8 अप्रैल, 1929 ई. को भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दर्शक दीर्घा से केन्द्रीय असेम्बली के अन्दर बम फेंककर धमाका किया। बम इस प्रकार बनाया गया था कि, किसी की भी जान न जाए। बम के साथ ही 'लाल पर्चे' की प्रतियाँ भी फेंकी गईं, जिनमें बम फेंकने का क्रान्तिकारियों का उद्देश्य स्पष्ट किया गया था। बम विस्फोट बिना किसी को नुकसान पहुंचाए सिर्फ पर्चों के माध्यम से अपनी बात को प्रचारित करने के लिए किया गया था। उस दिन भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को दबाने के लिए ब्रिटिश सरकार की ओर से पब्लिक सेफ़्टी बिल और ट्रेड डिस्प्यूट बिल लाया गया था, जो इन लोगों के विरोध के कारण एक वोट से पारित नहीं हो पाया। असेम्बली में बम फेंकने के बाद बटुकेश्वर दत्त तथा भगतसिंह ने भागकर बच निकलने का कोई प्रयत्न नहीं किया, क्योंकि वे अदालत में बयान देकर अपने विचारों से सबको परिचित कराना चाहते थे। साथ ही इस भ्रम को भी समाप्त करना चाहते थे कि काम करके क्रान्तिकारी तो बच निकलते हैं, अन्य लोगों को पुलिस सताती है।

आजीवन कारावास- भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त दोनों गिरफ्तार हुए, उन पर मुक़दमा चलाया गया। 6 जुलाई, 1929 को भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने अदालत में जो संयुक्त बयान दिया, उसका लोगों पर बड़ा प्रभाव पड़ा। इस मुक़दमें में दोनों को आजीवन कारावास की सज़ा हुई। सज़ा सुनाने के बाद इन लोगों को लाहौर फ़ोर्ट जेल में डाल दिया गया। यहाँ पर भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त पर लाहौर षड़यंत्र केस का मुक़दमा चलाया गया। उल्लेखनीय है कि साइमन कमीशन के विरोध-प्रदर्शन करते हुए लाहौर में लाला लाजपत राय को अंग्रेज़ों के इशारे पर अंग्रेज़ी राज के सिपाहियों द्वारा इतना पीटा गया कि उनकी मृत्यु हो गई। इस मृत्यु का बदला अंग्रेज़ी राज के जिम्मेदार पुलिस अधिकारी को मारकर चुकाने का निर्णय क्रांतिकारियों द्वारा लिया गया था। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप लाहौर षड़यंत्र केस चला, जिसमें भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव को फाँसी की सज़ा दी गई थी, पर बटुकेश्वर दत्त के विरुद्ध पुलिस कोई प्रमाण नहीं जुटा पाई। उन्हें आजीवन कारावास की सज़ा भोगने के लिए अण्डमान भेज दिया गया।

काले पानी की सज़ा तथा रिहाई- बटुकेश्वर दत्त को आजीवन कारावास काटने के लिए काला पानी जेल भेज दिया गया। जेल में ही उन्होंने 1933 और 1937 में ऐतिहासिक भूख हड़ताल की। सेल्यूलर जेल से 1937 में वे बांकीपुर केन्द्रीय कारागार, पटना में लाए गए और 1938 में रिहा कर दिए गए। काला पानी से गंभीर बीमारी लेकर लौटे बटुकेश्वर दत्त फिर गिरफ्तार कर लिए गए और चार वर्षों के बाद 1945 में रिहा किए गए।

बिहार विधान परिषद के सदस्य- आज़ादी के बाद नवम्बर, 1947 में अंजली दत्त से विवाह करने के बाद बटुकेश्वर दत्त पटना में रहने लगे। बटुकेश्वर दत्त को अपना सदस्य बनाने का गौरव बिहार विधान परिषद ने 1963 में प्राप्त किया।



मृत्यु- बटुकेश्वर दत्त की मृत्यु 20 जुलाई, 1965 को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में हुई। मृत्यु के बाद उनका दाह संस्कार उनके अन्य क्रांतिकारी साथियों- भगतसिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के समाधि स्थल पंजाब के हुसैनीवाला में किया गया। उनकी एक पुत्री भारती बागची पटना में रहती है। बटुकेश्वर दत्त के विधान परिषद में सहयोगी रहे इन्द्र कुमार का कहना था कि स्व. दत्त राजनैतिक महत्वाकांक्षा से दूर शांतचित्त एवं देश की खुशहाली के लिए हमेशा चिन्तित रहने वाले क्रांतिकारी थे।

# मोतीलाल ओसवाल ने इन स्टॉक्स को दी खरीदने की सलाह, अगले सप्ताह आ सकती है तेजी




नई दिल्ली (एजेंसी)। मोतीलाल ओसवाल ने अगले सप्ताह के लिए 5 ऐसे स्टॉक्स की लिस्ट दी है, जिनमें तेजी आ सकती है। यह लिस्ट मोमेंटम निवेश पर आधारित है। मोमेंटम एक ऐसी स्ट्रैटिजी है जिसके जरिए हाल ही में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं स्टॉक्स का पता लगाया जाता है क्योंकि ये शेयर आमतौर पर कुछ समय तक बढ़ते रहते हैं। यह स्ट्रैटिजी 3 से 12 महीने की अवधि में शेयरों के रिटर्न को देखकर उनके प्रदर्शन को एनालाइज करती है फिर उसी के आधार पर निवेशक चुनिंदा स्टॉक्स पर निवेश करते हैं। अगले सप्ताह यानी 21 जुलाई से लेकर 25 जुलाई के लिए मोतीलाल ओसवाल ने 5 स्टॉक्स की लिस्ट दी है जिनमें तेजी आ सकती है।


इन स्टॉक्स को मोतीलाल ओसवाल ने दी खरीदने की सलाह- Motilal Oswal ने अपनी रिसर्च रिपोर्ट में 21 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 के लिए मोमेंटम निवेश के लिए 5 बेहतरीन स्टॉक्स का चुनाव किया है। ये शेयर मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के विश्लेषण पर आधारित हैं। इन शेयरों को खरीदने की रेटिंग दी गई है। इनका फाइनेंशियल स्टेटस मजबूत है। जेके सीमेंट के शेयर इस समय 6500 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। शुक्रवार को इसके शेयर 1.08 फीसदी चढ़कर बंद हुए थे।

AMBER के शेयर शुक्रवार को 0.13 फीसदी चढ़कर 7603.50 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। वहीं, Laurus Labs के शेयर 18 जुलाई को 0.67 फीसदी चढ़कर 827 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे।

मोतीलाल ओसवाल की मोमेंटम वॉचलिस्ट में अगला स्टॉक कोटक महिंद्रा बैंक का है। शुक्रवार को इसका शेयर 1.40 फीसदी गिरकर 2140.50 रुपये के स्तर पर बंद हुए था।

मोमेंटम वॉचलिस्ट में आखिरी शेयर स्क्रन्न का है। इसके शेयर शुक्रवार को 0.48 फीसदी फिसलकर 3187 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। अगले सप्ताह ये स्टॉक्स हलचल पैदा कर सकते हैं।

## 7 लाख तक की सैलरी वाले आईटीआर भरें या नहीं?



नई दिल्ली (एजेंसी)। कम सैलरी या फिर टैक्स के दायरे में न आने वाले लोगों के मन में एक सवाल हमेशा बना रहता है कि क्या उन्हें ITR भरना चाहिए या नहीं? आपके इस सवाल का जवाब लेकर जागरण बिजनेस की टीम टैक्स मैनेजर.इन के फाउंडर और सीईओ दीपक कुमार जैन के पास पहुंची। उन्होंने बताया कि आखिर किसे आईटीआर भरना चाहिए और किसे नहीं। और अगर आपकी सैलरी 7 लाख है तो क्या आपको आईटीआर भरने की जरूरत है या नहीं? इन सभी सवालों के जवाब उन्होंने हमें बताए। आइए जानते हैं कि आखिर आपको क्या करना चाहिए।

दीपक कुमार जैन ने बताया कि इनकम टैक्स नियमों के अनुसार, अगर आपकी आय बेसिक छूट सीमा से कम है, तो आपको ढ्ढञ्जक्र फाइल करना जरूरी नहीं है। स्न्ङ्क 2025-26 के लिए पुराने टैक्स रिजीम में छूट सीमा इस प्रकार है-

60 साल से कम उम्र- 2.5 लाख रुपये

60 से 80 साल की उम्र- 3 लाख रुपये

80 साल से ज्यादा उम्र- 5 लाख रुपये

नए टैक्स रिजीम में छूट सीमा सभी के लिए 3 लाख रुपये है। वित्त अधिनियम 2025 ने नए टैक्स रिजीम में छूट सीमा को बढ़ाकर 4 लाख रुपये कर दिया है। इसलिए आकलन वर्ष 2026-27 से 4 लाख रुपये से ज्यादा आय वालों को ITR फाइल करना अनिवार्य होगा।

## मोमेंटम इन्वेस्टिंग को समझें: क्या यह ग्रोथ पाने का रास्ता है



नई दिल्ली (एजेंसी)। मोमेंटम इन्वेस्टिंग एक ऐसी स्ट्रेटजी है जो इस विचार पर केंद्रित है कि स्टॉक मार्केट में ट्रेंड लगातार बने रहते हैं। सीधे शब्दों में कहें तो, जो शेयर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, उनके आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना है, और इसके विपरीत जो शेयर खराब प्रदर्शन कर रहे हैं, आगे भी ऐसे ही बने रहते हैं। इसका संबंध केवल प्राइस के बारे में नहीं है, यह किसी कंपनी के अंदर स्ट्रांग अर्निंग मोमेंटम के बने रहने के बारे में बता सकता है। ऐतिहासिक रूप से, 2002-2007 और 2020-2025 जैसे समय ने इस सिद्धांत को प्रदर्शित किया है, जहां इंडाइसेस ने कभी-कभार शॉर्ट-टर्म गिरावट के बावजूद रैली को एक्सपीरियंस किया है।

मोमेंटम इन्वेस्टिंग का मूल तत्व पॉजिटिव मोमेंटम को दिखाने वाली सिक्योरिटीज की पहचान करना और उन्हें धारण करना है, जबकि नेगेटिव मोमेंटम को दिखाने वाली सिक्योरिटीज से बाहर निकलना है।

एक सही मोमेंटम स्ट्रेटजी भावनात्मक निर्णय लेने से बचती है - एक आम गड़बड़ी जिसे "Disposition Effect," के रूप में जाना जाता है, जहां निवेशक समय से पहले ही लाभ कमाने वाले शेयरों को बेच देते हैं और घाटे वाले शेयरों को होल्ड करते हैं। इसका लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा संभावित लाभ प्राप्त करते हुए, लंबे समय तक ऊपर की ओर ट्रेंड का लाभ उठाना है। प्राइस से आगे की सोच- अर्निंग मोमेंटम की शक्ति-प्राइस मोमेंटम टेक्निकल एनालिसिस और मार्केट सेंटीमेंट पर आधारित होती है, जबकि एक व्यापक दृष्टिकोण इसे अर्निंग मोमेंटम के साथ जोड़ता है। इसमें ऐसी कंपनियों की तलाश शामिल है जो लगातार आय की अपेक्षाओं को पार करती हैं और विश्लेषकों द्वारा पॉजिटिव अपग्रेड प्राप्त करती हैं।

स्ट्रांग फंडामेंटल्स वाली कंपनियां - जिनके पास "moats" बढ़ते मार्जिन और बेहतर ऑपरेटिंग एफिशिएंसी है - विशेष रूप से आकर्षक होती हैं, क्योंकि ये कारक सस्टेनेबल अर्निंग ग्रोथ को बढ़ावा देते हैं। जब प्राइस और मोमेंटम अलाइन होती है, तो ट्रेंड आमतौर पर अधिक ड्यूरेबल होते हैं।


## मुकेश अंबानी का नया दांव, JIO और Allianz का ज्वाइंट वेंचर रीइंश्योरेंस सेक्टर में मचाएगा तहलका



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और एलियांज ग्रुप ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एलियांज यूरोप बीवी के माध्यम से भारत में रीइंश्योरेंस सेक्टर में 50-50 के ज्वाइंट वेंचर के साथ कदम रख दिया है। छ्वस्नस्रु ने एक्सचेंज फाइलिंग को दी जानकारी में बताया कि Reinsurance साझेदारी जेएफएसएल की गहन स्थानीय विशेषज्ञता और मजबूत डिजिटल उपस्थिति को एलियांज की मजबूत अंडरराइटिंग और वैश्विक रीइंश्योरेंस क्षमताओं के साथ लाएगी।

रीइंश्योरेंस बिजनेस में तहलका मचाएंगे अंबानी- 18 जुलाई को कंपनी ने जानकारी दी कि निदेशक मंडल ने बैठक में भारत में रीइंश्योरेंस व्यवसाय के लिए एलियांज यूरोप बी.वी. (एलियांज) के साथ 50-50 के अनुपात में एक ज्वाइंट वेंचर बनाने को मंजूरी दी है। इसके लिए रात 11-15 बजे एक संयुक्त उद्यम समझौता भी साइन किया गया। यह नई कंपनी नियामक और वैधानिक मंजूरी मिलने के बाद अपना काम शुरू करेगी।

# वेदांता की रेटिंग को क्रिसिल और ICRA ने रखा बरकरार, शॉर्ट सेलर वायसराय की रिपोर्ट का नहीं दिखा असर




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की टॉप क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों, CRISIL और ICRA ने वेदांता लिमिटेड की क्रेडिट रेटिंग एक बार फिर से बरकरार रखा है। यह रेटिंग कंपनी की मजबूत व्यापारिक स्थिरता, अच्छे वित्तीय प्रदर्शन और कॉर्पोरेट गवर्नेंस के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रबंधन और कुछ उधारदाताओं से बातचीत के आधार पर, फिलहाल किसी भी उधारदाता या निवेशक की ओर से कोई नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

एजेंसियों का यह दावा शॉर्ट सेलर वायसराय के उन आरोपों का कड़ा खंडन है, जिनमें वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी, वेदांता रिसोर्सेज पर संरचनात्मक अधीनता और ऋण चुकाने के लिए लाभांश पर निर्भर होने का आरोप लगाया गया था। आरोप लगाया गया था कि पोंजी स्कीम जैसी है÷।

क्रिसिल ने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के लिए AAA और वेदांता के लिए AAA की दीर्घकालिक रेटिंग को बरकरार रखा है। ICRA ने भी वेदांता की दीर्घकालिक रेटिंग को AAA पर कायम रखा है। इससे पहले वेदांता की मूल कंपनी, वेदांता रिसोर्सेज पर कर्ज चुकाने के लिए डिविडेंड पर निर्भरता और संरचनात्मक कमजोरी का दावा किया गया था। अब यह रेटिंग कहीं न कहीं वेदांता के लिए अच्छी खबर लेकर आई है।

क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 9 जुलाई 2025 को आए इस शॉर्ट-सेलर रिपोर्ट के बाद वेदांता और हिंदुस्तान जिंक के शेयरों में उतार-चढ़ाव हुआ, लेकिन अब इसमें स्थिरता आ गई है। वेदांता मैनेजमेंट ने प्रेस रिलीज में कहा था कि ये आरोप निराधार है। क्रिसिल ने वेदांता समूह की 11 कंपनियों, जैसे हिंदुस्तान जिंक, श्वस्रु स्टील लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और सेसा रिसोर्सेज लिमिटेड की रेटिंग्स को भी रिटने किया है।

## 850 करोड़ का पैकेज! मेटा से मुंहमांगा ऑफर पाने वाले Trapit Bansal कौन हैं? UP के इस शहर से है नाता



नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप मोबाइल चलाते हैं या फिर न्यूज़ पेपर पढ़ते या टीवी देखते हैं तो बीते दिनों आपने एक नाम Trapit Bansal जरूर सुना होगा। यह नाम कोई साधारण नाम नहीं है। इस नाम का नाता भारत के उत्तर प्रदेश राज्य से जुड़ा हुआ है।

इस नाम के शख्स ने अपने माता-पिता का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया। मेटा के CEO मार्क जुकरबर्ग ने अपनी नई सुपर इंटेलिजेंस लैब के लिए दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली AI शोधकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए मोटे पैकेज की पेशकश की है इनमें से एक नाम त्रपित बंसल का भी था। उन्हें 850 करोड़ रुपये के पैकेज में META में नौकरी मिली है। इस शानदार पैकेज के साथ वह अब मार्क जुकरबर्ग की टीम में काम करेंगे।

UP के इस शहर से है Trapit Bansal का नाता- इस पैकेज न केवल तकनीकी जगत में चर्चा का विषय बन गया है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि AI के क्षेत्र में प्रतिभा की कितनी कीमत चुकाई जा रही है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# 8 भाई-बहनों के नाम था 50 लाख का मकान, छोटी बहन ने अकेले 12 लाख में बेच डाला

खंडवा। शहर में एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है। इसमें जालसाजी और धोखाधड़ी करते हुए छोटी बहन ने अपने सात भाई-बहनों के पुश्तैनी 50 लाख रुपये कीमत के हिस्से का मकान 12 लाख रुपये में अकेले बेच दिया। आरोप है कि नुसरत बी पति साजिद अली ने खुद को संपत्ति की अकेली वारिस बताकर परदेशीपुरा खंडवा स्थित एक पुश्तैनी मकान, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये है, राइसा बी असलम खां को मात्र 12.91 लाख रुपये में बेच दिया। यही नहीं, इस संपत्ति में कुल 26 वारिसदारों को नज़रअंदाज़ किया गया।




**यह है पूरा मामला**-फरियादी मसूद जावेद कादरी निवासी खानाशाहवली दरगाह खंडवा ने मोघट पुलिस को शिकायत में बताया कि हमारे पिता शेख मकसूद की आठ संताने थी, जिसमें पांच पुत्र और तीन पुत्री थी। छोटी वाली बहन नुसरत बी साजिद अली ने अन्य सातों संतानों को छोड़कर परदेशीपुरा स्थिति 1897 स्क्वेयर फीट पर बने मकान जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपये हैं।अपने नाम नजूल में करवाकर 12.91 हजार रुपये में रइसा बी अस्लम खा गुलशन नगर खंडवा को बेच दी। इस मकान को नाम पर कराने में मो. अबरार, इफ्तेकार हुसैन, मतीन और सेमुन बी, हारिश और मेहबीश शाह ने झूठा शपथ पत्र, झूठा पंचनामा और झूठी सहमति दर्शाकर कि नुसरत बी अकेली पुत्री मकान को छोटे वाली रिजवान शेख को मिलाकर उसकी सहमति लेकर रहिसा बी को बेच दी।

इतना ही नहीं 2022 में हमने संपत्ति रजिस्ट्रार को मसूद जावेद कादरी ने 250 रुपये कटवाकर आपत्ति दर्ज कराई थी कि भविष्य में ये मकान विक्रय न हो। लेकिन आठ मार्च 2025 को नुसरत बी ने मकान को पंजीबद्ध विक्रय कर दिया। खंडवा तरक कुंबी में स्थित शामलाती भूमि जिसमें आठों भाई-बहन के नाम दर्ज है।

नुसरत बी और शेख रिजवान ने इसमें 2710 स्क्वेयर फीट भूमि 14.64 हजार रुपये साकेत दीक्षित को बेच दी। तहसीलदार ने नुसरत बी का बंटवारा आवेदन निरस्त कर दिया था। इसके बाद भी यह भूमि बेची गई। मामले में मोघट पुलिस ने आरोपित नुसरत बी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस जांच करेगी।

# पहले हिंदू नाम बताकर किया विवाह, बाद में मतांतरण कर की मारपीट



सांवेर। सांवेर तहसील के क्षिप्रा थाना क्षेत्र में लव जिहाद का मामला सामने आया है। जिसमें आरोपित ने पीड़िता से अपनी पहचान छिपाते हुए खुद को हिंदू बताया। कोर्ट मैरिज के बाद युवती को पता चला तो उसे डराया। पीड़िता ने आरोपित पर मारपीट करने व धमकाने का आरोप लगाया है। साथ ही अपने ससुर पर भी दुष्कर्म करने व बच्चों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं।

**सोशल मीडिया पर हुई थी बातचीत**-पीड़िता ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया कि 2017 में इंटरनेट मीडिया पर उसकी आरोपित समीर से बातचीत हुई थी। समीर ने खुद को हिंदू बताया और शादी का प्रस्ताव रखा। युवती बिना घर वालों को बताए समीर के साथ इंदौर पहुंची और 25 अक्टूबर 2017 को कोर्ट मैरिज कर ली। शादी के बाद पता चला कि आरोपित समीर खान वर्ग विशेष का व्यक्ति है। युवती के विरोध करने पर उसे चुप करा दिया गया। कुछ समय बाद समीर ने उसका जबरन मतांतरण करवाकर मुस्लिम नाम रख दिया और निकाह भी पढ़वा दिया। समीर आए दिन उसके साथ मारपीट करता था।ससुर ने भी किया पीड़िता के साथ दुष्कर्म

गर्भाववस्था में भी अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। इसके साथ ही अपने ससुर पर आरोप लगाते हुए शिकायत में बताया कि 28 मार्च 2025 को वह अपने बच्चों से मिलने ससुराल पहुंची तो घर पर कोई नहीं था। उस समय ससुर वकील खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान उसे और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। 12 और 13 जुलाई को भी वकील खान ने फोन कर पीड़िता को धमकाया। डरने के बाद पीड़िता ने यह बात अपने स्वजनों को बताई और पुलिस में शिकायत की।

**पुलिस से सुरक्षा की मांग की**-पीड़िता ने शिकायत करने के साथ ही पुलिस से उसे और उसके दोनों बेटों को आरोपित पक्ष से सुरक्षा देने की मांग की है। जिसमें उसने बताया कि %मैं अपने बच्चों के साथ भयमुक्त जीवन जीना चाहती हूं, कृपया मुझे इस आतंक से मुक्ति दिलाइए। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद आरोपित समीर खान और वकिल खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 63 (ड), 64, 115 (2), 351 (3) व धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## प्रदेश का पहला जिला अस्पताल बना जबलपुर का सेठ गोविंद अस्पताल, शुरु हुई अत्याधुनिक ओसीटी जांच

जबलपुर। सेठ गोविंद दास जिला चिकित्सालय में शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने करीब 70 लाख रुपये की अत्याधुनिक ओसीटी (ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी) मशीन का लोकार्पण किया। यह प्रदेश का पहला जिला अस्पताल है, जहां ओसीटी मशीन स्थापित की गई है।

अब रेटिना की जटिल बीमारियों की एडवांस जांच निःशुल्क की जा सकेगी, जिससे नेत्र रोगों का सटीक निदान संभव होगा। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. नवीन कोठारी, डॉ. अमिता जैन, डॉ. संजय जैन, डॉ. सगरिया, डॉ. शलभ आम्रवंशी, डॉ. उषा दत्त समेत बड़ी संख्या में स्टाफ मौजूद रहा।जांच और उपचार दोनों की सुविधा इस मशीन की मदद से अब आंखों से जुड़ी जटिल बीमारियां जैसे मधुमेह से रेटिना को नुकसान, पर्दे में छेद या सूजन, कांचियाबिंद जैसी स्थितियों की जांच और उपचार जिला अस्पताल में ही हो सकेगा। रोजाना 4-5 मरीजों को होगी जरूरतनेत्र रोग विभाग के प्रभारी डॉ. तरुण अहरवाल ने बताया कि रोजाना 4-5 मरीज ऐसे आते हैं जिन्हें ओसीटी जांच की जरूरत होती है।

# भाजपा के प्रत्येक मोर्चा-प्रकोष्ठ की अब समीक्षा होगी, बदलाव की भी तैयारी




भोपाल। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल अब पार्टी के प्रत्येक मोर्चा-प्रकोष्ठ की समीक्षा करेंगे। सोमवार को युवा मोर्चा की समीक्षा के साथ इसकी शुरुआत की जाएगी। मंगलवार को अनुसूचित जाति मोर्चा की समीक्षा बैठक की जाएगी। दरअसल, भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी और मोर्चा, प्रकोष्ठों का गठन किया जाना है। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल मोर्चो-प्रकोष्ठ की टोह लेंगे।

इस दौरान मोर्चा पदाधिकारियों के अभी तक किए गए कामकाज का मूल्यांकन भी होगा। आगे के टास्क को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करने से पहले खंडेलवाल संभागवार समीक्षा भी कर रहे हैं। भाजपा के सात मोर्चा और 17 प्रकोष्ठ है। इनमें वर्ष 2021 में नियुक्तियां की गई थी।नए प्रदेश अध्यक्ष अब नए सिरे से मोर्चा- प्रकोष्ठों में नियुक्तियां करेंगे। इसके पहले वह इस कार्य के लिए योग्य चेहरा तलाश रहे हैं। संभागवार बैठकों के पीछे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का यही उद्देश्य है। उन्होंने 17 जुलाई को ग्वालियर संभाग की समीक्षा की थी और 19 जुलाई को जबलपुर की समीक्षा की।

उनका अगला दौरा रीवा है। प्रदेश के सभी संभागों को नापने के बाद कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लेंगे। इधर, किसान मोर्चा के अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष माया नरोलिया सांसद है।

वहीं ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह है। ऐसे में दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे इन पदाधिकारियों को पार्टी की जिम्मेदारी से मुक्त किया जा सकता है। पार्टी का कामकाज केवल ऐसे नेताओं को दिया जाएगा, जो पूर्णकालिक रूप से कार्य संभाल सके।

ये हैं भाजपा के मोर्चा-प्रकोष्ठ

मोर्चा - युवा, किसान, महिला, ओबीसी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक मोर्चा।

प्रकोष्ठ - विधि, बुद्धिजीवी, व्यवसायिक, चिकित्सा, आर्थिक, सहकारिता, पूर्व सैनिक, सांस्कृतिक, बुनकर (ग्रामीण विकास), शिक्षक, मछुआरा, व्यापारी, अंत्योदय, झुग्गी झोपड़ी, खेल, स्थानीय निकाय, स्वयं सेवी संस्थाएं प्रकोष्ठ है। इसके अलावा आईटी और सोशल मीडिया विभाग भी कार्यरत है।

# गेहूं भंडारण की अधिकतम सीमा तय, थोक व्यापारी 3000 टन से ज्यादा नहीं रख सकेंगे

भोपाल। गेहूं के भाव को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार ने अधिकतम भंडारण की सीमा निर्धारित कर दी है। मध्य प्रदेश में भी इसके अनुरूप अब व्यापारी और थोक विक्रेता तीन हजार टन से अधिक गेहूं का भंडारण(wheat stock MP) नहीं कर पाएंगे। फुटकर व्यापारियों के लिए यह सीमा 10 टन की रहेगी। यह भंडारण सीमा 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी।

प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि थोक और फुटकर व्यापारियों के साथ चेन रिटेलर के लिए भी अधिकतम भंडारण की सीमा तय की गई है। चेन रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिए 10 टन की सीमा इस आधार पर निर्धारित की गई है कि सभी आउटलेट पर अधिकतम मात्रा आउटलेटों की कुल संख्या के 10 गुना से अधिक भंडारित नहीं होना चाहिए।प्रोसेसर के लिए भंडारण की मात्रा उसकी मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत को वर्ष 2025-26 के शेष महीनों से गुणा करने के आधार पर निर्धारित होगी। यह शेष अवधि की मात्रा से अधिक नहीं होना चाहिए।



# पीसी सेठी चिकित्सालय इंदौर में बना स्वस्थ शिशु के जन्म का राज्य स्तरीय रिकॉर्ड



इंदौर। स्वस्थ शिशु का जन्म परिवार के लिए सर्वाधिक सुखद अहसास है। स्वस्थ शिशु और स्वस्थ माँ स्वस्थ समुदाय के निर्माण की पहली शर्त है। प्रसव सुरक्षित हो, माँ और बच्चा सुरक्षित रहें, इस हेतु लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत स्त्री के गर्भवती होने से लेकर शिशु जन्म उपरांत तक विभाग के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मैदानी कार्यकर्ता सतत निगरानी करते हैं। सुरक्षित प्रसव हेतु संस्थागत जन्म एक प्रमुख व्यवहार है। संस्थागत प्रसव में सभी तरह के जोखिमों का प्रबंधन किया जाता है, ताकि माँ और बच्चे को सुरक्षित रख सकें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी ने बताया कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके इस हेतु इंदौर जिले का शासकीय प्रकाश चंद्र सेठी सिविल अस्पताल में सुरक्षित मातृत्व हेतु सभी जोखिमों का प्रबंधन विशेषज्ञ स्तर पर किया जाता है। आज 18 जुलाई 2025 शुक्रवार को पीसी सेठी सिविल अस्पताल में एक अत्यंत हाई रिस्क गर्भवती रीता पति नंद किशोर उम्र 24 वर्ष प्रथम प्रसव हेतु आई। महिला में जोखिम के कई लक्षण थे, जिसमें उसका वजन 90 किलो से ज्यादा था, Pre eclampsia, Very big size baby, Generalised oedema, BP 160/110 था, एल्बुमिन 2+ था जो कि गंभीर PIH की श्रेणी में आता है, महिला को मधुमेह नहीं था, महिला की ऊँचाई कम थी, इसलिए सामान्य प्रसव होना संभव नहीं हो पाया। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल विजयवर्गीय तथा निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. सुनीता भटनागर ने रीता का सुरक्षित प्रसव ऑपरेशन के माध्यम से करवाया और 5.430 किलो के स्वस्थ शिशु का जन्म हुआ। ज्ञात जानकारी के अनुसार अस्पताल के इतिहास में प्रथम बार तथा मध्यप्रदेश में जन्मा यह सर्वाधिक वजन का शिशु है। शासकीय चिकित्सालय में दी गई यह उच्च स्तरीय विशेषज्ञ सेवाएं यह दर्शाती हैं कि आमजन इस तरह की सेवाएं अब कल्याणकारी योजनाओं के तहत सहज रूप से प्राप्त कर रहे है, वह भी बिल्कुल निःशुल्क। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी ने आज चिकित्सालय का भ्रमण कर चिकित्सकों एवं सेवा प्रदाताओं को उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रेषित की है एवं बधाई दी है।

## इंदौर में ई रिक्शा का किराया तय, दो किलोमीटर तक प्रति यात्री दस रुपये




इंदौर। इंदौर में आठ हजार से ज्यादा ई रिक्शा सड़कों पर चल रहे है और रिक्शा चालक मनमाना किराया ले रहे है। इस पर लगाम लगाने की तैयारी अब हो रही है। संभागायुक्त दीपक सिंह ने ई रिक्शा के किराए को लेकर आदेश जारी किए है। ई रिक्शा चालक दो किलोमीटर तक प्रति यात्री दस रुपये तक किराया ले सकेंगे। दो किलोमीटर के बाद प्रति किलोमीटर के लिए पांच रुपये देना होंगे। यह दरें शुक्रवार से लागू की गई है। इससे ज्यादा किराया अब रिक्शा चालक नहीं ले सकते है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने कहा कि ई रिक्शा चालकों द्वारा मनमाना किराया लेने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। अब हमने किराया तय किया है। उससे अधिक किराया लेने पर रिक्शा चालकों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने किया कि इंदौर में ई रिक्शा चार या उससे अधिक बैठक क्षमता वाले संचालित हो रहे है।

रुट भी तय नहीं,ट्रैफिक मे भी बाधक - प्रशासन ने ई रिक्शा के रुट तय करने की कवायद भी की थी, लेकिन अभी तक रुट नहीं बनाए गए। इंदौर में कई रुटों पर ई रिक्शा संचालित हो रहे। उनके स्टैंड भी नहीं है। इस कारण वे कही भी खड़े हो जाते है। चौराहों पर लेफ्ट टर्न पर भी कई बार ई रिक्शा खड़े नजर आते है। इंदौर में चार किलोमीटर के 80 से 100 रुपये तक ई रिक्शा चालक किराया वसूलते है।

## कर्ज से टूटे व्यापारी ने जहर खाकर दी जान, मौत से पहले बनाए Video में लिए ये नाम...



इन्दौर। एरोड्रम क्षेत्र में रहने वाले एक रेडीमेड कपड़ा व्यापारी ने शुक्रवार देर शाम जिला अस्पताल के बाहर जहर खा लिया। व्यापारी ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने कुछ लोगों पर कर्ज के पैसे को लेकर मानसिक प्रताड़ना देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। व्यापारी के परिजनों के अनुसार वह समय पर सभी कर्ज चुकाता रहा, लेकिन अधिक ब्याज की मांग को लेकर उसे बार-बार परेशान किया जा रहा था, जिससे वह गहरे तनाव में था। चंदन नगर थाना पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान महेन्द्र जाधव (पुत्र कांतिलाल जाधव, निवासी पल्हर नगर) के रूप में हुई है। उसे शुक्रवार शाम जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चुरी भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

महेन्द्र के भाई जितेन्द्र ने बताया कि महेन्द्र अपनी एक्टिवा से जिला अस्पताल पहुंचा था। वहां उसने जहर खा लिया और सीधे अस्पताल के अंदर जाकर डॉक्टरों को खुद बताया कि उसने जहर पी लिया है।

## आजाद और तिलक जैसे यौद्धाओं के बलिदान से ही आज हम भारत देश में खुली हवा में सांसे ले रहे हैं - सत्यनारायण पटेल




इन्दौर। नेताजी सुभाष मंच व गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट एवं अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के तत्वावधान में मंगलवार को भारत के अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की 119वीं जयंती एवं स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है का उद्घोष करने वाले स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बालगंगाधर तिलक की 169वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शहर की 5 विभुतियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपना जीवन समाजसेवा में लगा दिया। आयोजन के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर संतश्री नितीनदास मतकर महाराज एवं अध्यक्षता अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्टीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने की। विशेष अतिथि प्रो. राजीव शर्मा, इंटक के अध्यक्ष श्याम सुन्दर यादव, पार्षद कंचन गिदवानी थी।

मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन देते हुए महामंडलेश्वर नितीनदास महाराज ने कहा कि वे देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर गए और आज हम धर्म की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें एकता पर विश्वास रखना चाहिए।

श्री सत्यनारायण पटेल ने कहा कि आजाद और तिलक जैसे यौद्धाओं के बलिदान से ही आज हम भारत देश में खुली हवा में सांसे ले रहे हैं।

## तुलसी नगर में वार्ड 37 के स्वच्छता के सिपाहियों का पुष्प वर्षा से हुआ अनूठा सम्मान



इंदौर। इंदौर का आठवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किए जाने के उपलक्ष में आज तुलसी नगर स्थित सरस्वती धाम में वार्ड क्रमांक 37 के सभी सफाई मित्रों, स्वच्छता के सिपाहियों का सार्वजनिक सम्मान किया गया तथा उनके साथ सहभोज में क्षेत्र के पार्षद, रहवासी, बुद्धजीवी शामिल हुए। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित सभी महिला तथा पुरुष सफाई मित्रों को वार्ड के पार्षद सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने तिलक, चन्दन, अक्षत एवं पुष्प मालाओं से स्वागत किया। सभी स्वच्छता के सिपाहियों पर पुष्प वर्षा भी की गयी। सम्मान समारोह में वार्ड क्रमांक 37 के पार्षद संगीता महेश जोशी, भाजपा नेता महेश जोशी, वार्ड क्रमांक 36-37 रहवासी महासंघ के संरक्षक के के झा, अध्यक्ष राजेश तोमर, श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी के मार्गदर्शक शंभूनाथ सिंह, संजय यादव, योग गुरु हरिनारायण नामदेव, बसंत नायक, राकेश जायसवाल, अमोल पाटिल, गौरव डाबर, निर्भय सिंह रघुवंशी, महिप धींग, विवेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के रहवासी एवं मातृशक्तियां उपस्थित थी। यह

## 166 स्थाई और 25 चलित रसोई केंद्रों से जरूरतमंदों को 5 रूपये में भोजन

इंदौर। दीनदयाल रसोई योजना में नगरीय निकायों द्वारा अब तक करीब 4 करोड़ 60 लाख भोजन थाली का वितरण मात्र 5 रूपये प्रति थाली की दर पर जरूरतमंदों को किया गया है। यह योजना 51 जिला मुख्यालयों के 191 रसोई केन्द्रों के माध्यम से संचालित है। इनमें 166 स्थाई और 25 चलित रसोई केन्द्र कार्यरत हैं। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में व्यवसाय और श्रम कार्यों के सिलसिले में ग्रामीण क्षेत्रों से जरूरतमंद परिवारों का निरंतर आगमन होता है। नगरीय निकायों द्वारा इनके ठहरने और किफायती दर पर भोजन व्यवस्था के प्रयास किये जा रहे हैं।

वर्तमान में 166 स्थाई रसोई केन्द्र में से 16 नगर निगमों में 58 रसोई केन्द्र और 99 नगर पालिका परिषद में 99 रसोई केन्द्र और 9 नगर परिषदों में 9 रसोई केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही 25 चलित रसोई केन्द्र में से 16 नगर निगमों में 23 और 2 नगर पालिका परिषद में 2 चलित रसोई केन्द्र संचालित हो रहे हैं। नगरीय निकायों द्वारा चलित रसोई केन्द्र की व्यवस्था इस उद्देश्य से की गई है कि जिन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में श्रमिक कार्य कर रहे हैं उन्हें कार्य स्थल पर ही किफायती दर पर भोजन उपलब्ध कराया जाये। प्रदेश में चलित रसोई केन्द्र के वाहनों और उपकरणों की एकरूपता के लिये नगरीय प्रशासन संचालनालय ने सुसज्जित वाहन उपलब्ध कराने की योजना तैयार की है। इसी के साथ दीनदयाल रसोई योजना के लिये नगरीय निकायों को अनुदान राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के विस्तार के लिये 68 नवीन रसोई घरों के संचालन का प्रस्ताव स्वीकृति के लिये राज्य शासन को भेजा गया है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 6 धार्मिक नगरों मैहर, चित्रकूट, ओंकारेश्वर, महेश्वर, ओरछा और अमरकंटक में भी बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये दीनदयाल रसोई योजना का विस्तार किया है। नगरीय निकायों द्वारा जरूरतमंदों को दी जाने वाली थाली में परोसे जाने वाले खाने की गुणवत्ता पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## आबकारी विभाग के अमले ने दोपहिया वाहन सहित देशी, विदेशी, कच्ची मदिरा और महुआ लहान किया जप्त

### जप्त समस्त सामग्री की कीमत लगभग 3 लाख 18 हजार रुपये



इंदौर। इंदौर जिले में मदिरा तथा अन्य मादक पदार्थों के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग के अमले द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत आबकारी विभाग के अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन लाख रुपये से अधिक मूल्य के दोपहिया वाहन सहित देशी, विदेशी, कच्ची मदिरा और महुआ लहान जप्त किया।

सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार जिला उड़नदस्ता प्रभारी कंट्रोल रूम प्रभारी श्री देवेश चतुर्वेदी और सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी श्री मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में चौइथराम मंडी रोड क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन स्क्क09-क्त2942 पर परिवहन कर ले जाई जा रही 50 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 50 पाव देसी मदिरा मसाला कुल 100 पाव बरामद की गई। बरामद की गई मदिरा वाहन सहित जप्त कर आरोपी रोहित कनाडे पिता मुकेश कनाडे के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबध्द किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 54 हजार रुपए है।

## ई-रिक्शा के किराये का निर्धारण

इंदौर। इंदौर शहर में 4+1 या इससे अधिक की क्षमता के संचालित ई-रिक्शा के किराये दर का निर्धारण किया गया है। यह निर्धारण क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में हुआ है। ई-रिक्शा पैसेंजर बैठक क्षमता 4 या इससे अधिक के लिए प्रथम दो किलोमीटर अथवा उसके भाग के लिए 10 रुपये प्रति यात्री तत्पश्चात प्रति यात्री प्रत्येक किलोमीटर या उसके भाग के लिए पाँच रुपये प्रति यात्री किराया निर्धारित किया गया है।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा सिंहस्थ के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गई

## एयरो ब्रिज की क्षमता का तकनीकी परीक्षण और जांच की जाए - कलेक्टर

उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा शनिवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उज्जैन विकास प्राधिकरण, स्मार्ट सिटी, जल संसाधन विभाग और नगर पालिका निगम के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।



बैठक में सीवर लाइन के प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के इंजीनियर के द्वारा हर प्रोजेक्ट की साइट पर जाकर नियमित रूप से कार्य की मॉनिटरिंग की जाए। अमृत फेस 1 और अमृत फेस 2 में जो वार्ड कवर हो चुके हैं उनके बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि ट्रंक में का काम पूरा हो चुका है। वर्तमान में रेस्टोरेशन का काम चल रहा है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नगरपालिका निगम के जोन 6 और 7 में कार्य तेज गति से किया जाए । आईसी चेंबर पर भी काम अगले 10 दिनों में पूर्ण किया जाए। जो भी हाउस कनेक्शन बचे हुए हैं उन्हें पूरा किया जाए। पैरेलल टीमें बनाई जाए जो निर्माण कार्य में तेजी ला सके, साथ ही विभागों के द्वारा अपनी क्षमता में भी बढ़ोतरी की जाए।

बैठक में अमृत फेस 2 की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि टारगेट को बढ़ाकर जून 2027 तक इसे पूर्ण करने का काम किया जाए। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान डिस्चार्ज फ्लो के बारे में जानकारी दी गई।

अमृत फेस टू योजना में जल निकायों के कायाकल्प की समीक्षा के दौरान एक्सपर्ट की टीम बुलाकर इसकी कार्य योजना बनाई जाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों की साइट पर प्रतिदिन जाएं और उनकी प्रगति की फोटो सेंड करें। इसके पश्चात नगर निगम के द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें गाड़ी अड्डा से वीर दुर्गादास मार्ग तक चौड़ीकरण, वीडी क्लॉथ मार्केट से छोटी पुलिया तक मार्ग चौड़ीकरण, कोयला फाटक से गोपाल मंदिर मार्ग चौड़ीकरण की समीक्षा की गई।

# अमेरिका औरलेडो में 204 देश के 800 से अधिक गवर्नर के साथ वशिष्ठ ने ली शपथ

उज्जैन। अमेरिका औरलेडो में 204 देश के 800 से अधिक गवर्नर के साथ शपथ ग्रहण करने के पश्चात डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 32.33 जी 2 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ एवं एमजेएफ लायन रेनू वशिष्ठ ने लायन इंटरनेशनल के अध्यक्ष पीएमजेएफ लायन एपी सिंह से मुलाकात कर लायंस के बारे में विस्तृत चर्चा की।



डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. मार्केटिंग लायन दीपक राजवानी ने बताया कि इंटरनेशनल लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन एपी सिंह के नेतृत्व में इंटरनेशनल लायंस क्लब के 200 से अधिक देश से पधारे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की शपथ विधि समारोह में सबसे पहले भारत का तिरंगा फहराया गया एवं जन गण मण एवं वंदे मातरम गाया गया जिसमें उज्जैन से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रेनू वशिष्ठ एवं पूर्व गवर्नर बालवीर साहनी, पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लाडियाजी ने तिरंगा फहराकर भारत का नाम गौरवांवित किया। जहां पूरे विश्व से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के अलावा सैकड़ो की तादाद में लायंस पदाधिकारी आए हैं। सभी ने एक स्वर में भारतीय राष्ट्रीय गीत गाया। पूरे माहौल में वंदे मातरम गूंज गया। विश्व का शहंशाह अमेरिका जैसे देश में भारत का राष्ट्रीय गीत ऐसे गुंजा जैसे भारत पुनः विश्व गुरु बन गया। क्लब होली सिटी के चार्टर अध्यक्ष लायन भारत जैन, लायन सुशील पोरवाल एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मनीष शाह, लायन भगवान दास एरन, लायन आरजी पाठक, लायन अजय गुप्ता आदि पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया है।

# गुरुद्वारा सुखसागर पर गुरु हरिकिशन साहिब का प्रकाश पर्व मनाया



उज्जैन। फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारा सुखसागर पर में सिख समाज के आठवें गुरु गुरु हरिकिशन साहिब का प्रकाश पर्व श्रद्धा और समर्पण के साथ जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में सुबह से ही कीर्तन और कथा की रसप्रद संगत का आयोजन किया गया है। गुरुद्वारा सुखसागर के अध्यक्ष चरणजीत सिंह कॉलरा ने बताया जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विशेष रूप से दिल्ली से रागी जत्था उज्जैन पहुंचा था।

# वार्ड क्रमांक 39 में 48 लाख की लागत से होगा सड़क निर्माण



उज्जैन। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत विशेष निधि के तहत वार्ड क्रमांक 39 में नगर पालिक निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 48 लाख रुपए की लागत से किशनपुरा क्षेत्र से कालका माता मंदिर होते हुए देसाई नगर तक सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य करवाया जाना है जिससे क्षेत्र के नागरिकों को सुविधा मिलेगी एवं आवागमन व्यवस्थित हो सकेगा जिसका भूमि पूजन संपन्न किया गया। इस अवसर पर साथ में निगम सभापति कलावती यादव, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जितेंद्र कुवाल, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, नगर उपाध्यक्ष आनंद खींची, मुकेश यादव, उमेश सेंगर, एमआईसी सदस्य अनिल गुप्ता, पूर्व महापौर मदन लाल लालावत, सुनील चावंड, सतीश राठौर, सुनील गौठवाल, महेंद्र मरमट, प्रिंस लोदवाल, मुस्कान सिसोदिया, सुमन नागर, प्रियंका वाडिया एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 39 अंतर्गत 48 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

# नवरात्र में 28 सितंबर को होगा विशाल कन्या पूजन

## घर-घर जाकर कन्याओं का पंजीयन कर रहे, आयोजन को लेकर हुई बैठक



उज्जैन। 28 सितम्बर रविवार को आयोजित किये जाने वाले विशाल कन्या पूजन को लेकर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

विक्रमादित्य मंडल उपाध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम हेतु प्रत्येक बुथ स्तर पर कार्यकर्ता घर-घर जाकर कन्याओं का पंजीयन कर रहे हैं। बैठक को संबोधित करते हुए अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि सनातन धर्म में कन्या पूजन की परम्परा सदियों से चली आ रही है, कन्या पूजन माँ दुर्गा की नौ शक्तियों की आराधना का प्रतिक माना जाता है। कन्या पूजन करने से समाज में सुख-समृद्धि और शांति का आगमन होता है, सभी कष्ट दूर होते हैं। हम सब समरसता का भाव रखें, हम सनातनी है। स्वदेशी बनें, शहर को कोई नुकसान न करें, पर्यावरण से हम प्रेम करें। बैठक में मौजूद विधायक प्रतिनिधि ऋषि वर्मा, वरिष्ठ नेता अशोक कैथवास, मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव, विक्रम ठाकुर, विनी दीदी, रितेश जटिया जीवाजीगंज मंडल, विजय चौहान दौलतगंज मंडल, मुक्कु भाई कार्तिकचौक मंडल, सुन्नू मेहता, कपिल पाल, कार्यालय प्रमुख अनिल शिन्दे, दिलीप गांगोलिया, प्रियांश श्रीवास्तव, मोहन चौहान, आशीष जाधव, राजेश सेठी, पार्षद गब्बर भाटी, संजय भाई, राजेश शर्मा आदि ने समस्त शहरवासियों से आग्रह किया कि अपने परिवार की कन्याओं का पंजीयन अवश्य कराएँ एवं 28 सितम्बर को होने वाले विशाल कन्या पूजन में सहभागी बनें।

# स्वच्छता में उज्जैन को सम्मान मिलने पर किया सफाई मित्रों का सम्मान

उज्जैन। स्वच्छता में उज्जैन को सम्मान मिलने पर वार्ड क्रमांक 18 में सफाई मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष रवि राय सहित नागरिकों ने वार्ड के सभी सफाई मित्रों का सम्मान पुष्प माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासी एमएल दिवाकर, शेखर जायसवाल, करण सिंह ठाकुर मोंटी, उमेश यादव, श्रीनाथ, बाबू दादा सूर्यवंशी, इस्माइल करीम, धूव बाबा, अजय राय, रवि राणा, शर्माजी, उमेश शर्मा एवं नगर निगम की ओर से मेंट अंकित झांझोट, मेंट सलमान गय्युर एवं समस्त वाहन चालक सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।



स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com